तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 5 अक्टूबर 2026

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

2 नेत्रहीन बच्चों की प्रतिभा देख भावुक हुए प्रभारी मंत्री नेताम





खबर संक्षेप

लाश की आशंका पर खोदा गया गड्ढा, 6 फीट खोदाई के बाद भी कुछ नहीं मिला

डांडगांव। सेमी घोघरा जंगल में शव दफन करने की आशंका पर रविवार को पुलिस टीम ने घटना स्थल पर खुदाई की। लगभग छह फीट तक खोदाई करने के बाद भी अन्दर से कुछ भी नहीं निकला जिसके आड़ लोगों ने राहत की सांस ली। बता दें कि उदयपुर थाना अंतर्गत सेमी घोघरा जंगल में किसी व्यक्ति का शव दफ़न किए जाने की सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी थी। लोगों का कहना था कि कुछ लोग बोलेरो वाहन से पहुंचे थे और गड्ढा खोद रहे थे। इसके साथ ही मौके पर एक सफेद कपड़ा नजर आया था। संदेहास्पद स्थिति को देखते हुए पुलिस टीम शनिवार को घटना स्थल पर पहुंची थी जिसके बाद कब्र नुमा स्थल देखकर पुलिस ने भी घटना स्थल की सुरक्षा बढ़ा दी थी। रविवार को सुबह 11 बजे मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में संदिग्ध गड्ढे की खुदाई कराई गई। थाना प्रभारी शिशिरकांत सिंह ने बताया कि पुलिस ने रातभर संदिग्ध स्थल की निगरानी की है। तहसीलदार तारा सिदार की मौजूदगी और प्रशासनिक अधिकारियों और ग्रामीणों की मौजूदगी में गड्ढे की खुदाई कि गई। डेढ़ घंटे में छह फीट की खुदाई के बाद बाद गड्ढे में हरा पत्ता के अलावा कुछ नहीं मिला। इधर गड्ढा रात के समय में क्यों खोदा गया किसलिये और किसने खोदा यह रहस्य बना हुआ है। बताया जा रहा है कि वन परिक्षेत्र उदयपुर के सर्किल पुटा , सानी बर्रा सुखरी भंडार से लेकर भकुरमा तक इसी प्रकार से अभी तक 7 संधिग्ध गड्ढे मिल चुके है। इस प्रकार का जंगलों में सन्दिग्ध गड्ढा खोदकर पाटना कई सवाल खड़े करता है, इसके संबंध में वन विभाग कि ओर से किसी प्रकार का आधिकारिक बयान नहीं आया है।

पति के फटकार लगाने से नाराज पत्नी ने पी लिया जहर, मौत

अम्बिकापुर। धौरपुर थाना अंतर्गत ग्राम बिशुनपुर डांडपारा निवासी उषा लकड़ा पति बसंत लकड़ा (36 वर्ष) 28 सितंबर को पति ने पत्नी को बकरी को देखरेख करने की बात कहकर पत्नी के रिश्तेदार के यहां दशक्रम कार्यक्रम में शामिल होने चला गया। दोपहर को घर आया तो देखा पत्नी शराब पी रखी थी और बेटी को स्नान नहीं करवाई थी। पत्नी को नशे के हालत में देख फटकार लगाने लगा। दूसरे दिन सुबह रिश्तेदार के यहां गया और रात को घर लौटा। इसी बीच देर रात पत्नी ने पेट में जलन और दर्द होने की शिकायत की। पूछताछ में पत्नी ने बताया कि वह कीटनाशक पी ली है। परिजन उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। लगभग तीन चार दिन अस्पताल में भर्ती होने के बाद भी स्वास्थ्य में सुधार नहीं होने पर परिजन उसे शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

दुकान में चोरों का धावा, पार किया नगदी सहित सामान

अम्बिकापुर। राजेश केसरी ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि श्रीगढ़ खरसिया नाका के समीप जनरल एजेंसी के नाम से दुकान का संचालन करता है। 26 सितंबर की रात दुकान के छत के सेड के रास्ते चोरों ने दुकान में दाखिल होकर दुकान के काउंटर में रखे नगद 30 से 35 हजार रूपए के अलावा सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर सहित अन्य सामान चोरी कर ले गए। घटना की जानकारी तब लगी जब दूसरे दिन दुकान खोला तो काउंटर टूटा तथा दुकान में रखा सामान गायब था। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 331(4), 305(ए) के तहत अपराध दर्ज किया है।

अम्बिकापुर-निजामुद्दीन ट्रेन के साप्ताहिक दूसरे फेरे का कल उद्घाटन करेंगे सांसद

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



अम्बिकापुर-निजामुद्दीन एक्सप्रेस ट्रेन सप्ताह में दो दिन चलाने की लम्बे अरसे से चल रही मांग मंगलवार को पूरी होने वाली है। मंगलवार को सुबह 7.30 बजे सांसद चिंतामणि महाराज हरी झंडी दिखाकर ट्रेन के साप्ताहिक दूसरे फेरे का उद्घाटन करेंगे। सरगुजा वासियों की मांग पर रेल मंत्रालय ने हाल ही में अम्बिकापुर-निजामुद्दीन ट्रेन को सप्ताह में दो दिन चलाने तथा दूसरा साप्ताहिक फेरा 6 अक्टूबर से प्रारंभ करने की घोषणा की थी।

■ तैयारियों का जायजा लेने आज पहुंचेंगे डीआरएम

रेल मंत्रालय की घोषणा के बाद दक्षिण-पूर्व मध्य रेलवे द्वारा इसकी तैयारियां प्रारंभ कर दी गई थी। मंगलवार को आयोजित होने वाले अम्बिकापुर-निजामुद्दीन ट्रेन के साप्ताहिक दूसरे फेरे के उद्घाटन को लेकर रेल प्रबंधन द्वारा स्टेशन परिसर में व्यापक तैयारियां की गई हैं। उद्घाटन कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने डीआरएम राकेश रंजन सोमवार को सुबह विशेष कोच से अम्बिकापुर पहुंचेंगे। रेल अधिकारियों से महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करने के साथ ही वे तैयारियों का जायजा लेंगे। डीआरएम द्वारा कोयला परिवहन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विश्रामपुर भटगांव एवं परसा साइडिंग का निरीक्षण करने की भी सूचना है। डीआरएम भ्रमण उपरांत सोमवार को अम्बिकापुर में रात्रि विश्राम करेंगे तथा मंगलवार को अम्बिकापुर-निजामुद्दीन ट्रेन के साप्ताहिक दूसरे फेरे के उद्घाटन समारोह में शामिल होंगे।

बिश्रामपुर स्टेशन पर ठहराव की मांग

बिश्रामपुर। अंबिकापुर-दिल्ली ट्रेन को सप्ताह में दो दिन करने की मांग लंबे समय से सरगुजा क्षेत्रवासियों द्वारा की जा रही थी। इसके साथ ही बिश्रामपुर स्टेशन में ट्रेन के ठहराव की मांग को लेकर रेल संघर्ष समिति ने हाल ही में स्टेशन परिसर में धरना प्रदर्शन कर रेल अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा था। सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज ने भी रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर क्षेत्रवासियों की मांग से अवगत कराया था। इसके बाद रेल मंत्रालय ने ट्रेन को द्विसाप्ताहिक करने की मंजूरी प्रदान की।

2022 में स्पेशल ट्रेन के रूप में हुई थी शुरुआत

अंबिकापुर-दिल्ली ट्रेन का परिचालन तत्कालीन केंद्रीय जनजातीय राज्य मंत्री रेणुका सिंह के विशेष प्रयासों से शुरू हुआ था। इसका शुभारंभ 14 जुलाई 2022 को रेणुका सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में किया था। शुरुआत में ट्रेन स्पेशल के रूप में संचालित हुई। बाद में 6 फरवरी 2024 से इसे स्थायी ट्रेन नंबर 22407 और 22408 के साथ नियमित परिचालन में शामिल किया गया।अब तक सप्ताह में केवल एकबार अप डाउन रूट तय करने वाली इस ट्रेन का परिचालन सप्ताह में दो दिन किया गया है। ट्रेन संख्या 22407 अंबिकापुर से मंगलवार और गुरुवार, जबकि 22408 दिल्ली से रविवार और मंगलवार को संचालित होगी। रविवार को दिल्ली से रवाना हुई ट्रेन सोमवार शाम अंबिकापुर पहुंचेगी और मंगलवार 6 अक्टूबर को अंबिकापुर से दिल्ली के लिए दूसरे अप डाउन रूट पर रवाना होगी।रेल प्रबंधन द्वारा द्विसाप्ताहिक ट्रेन के संचालन को लेकर आरक्षण एवं उसके स्टेटस को बेबसाइट में भी अपलोड कर दिया है।

मिलेगा प्रतिनिधिमंडल

दक्षिण-पूर्व मध्य रेलवे प्रबंधक के अम्बिकापुर प्रवास के दौरान उनसे सरगुजा सर्वदलीय रेल संघर्ष समिति का प्रतिनिधि मंडल उनसे मिलेगा तथा अम्बिकापुर-दुर्ग ट्रेन की लेटलतीफी सहित अन्य समस्याओं के संबंध में चर्चा कर ज्ञापन सौंपेगा। इस दौरान शहरवासियों का प्रतिनिधिमंडल भी डीआरएम से मिलेगा।

टांगी से वार कर की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

जमीन बेचने को लेकर विवाद में बेटे ने पिता को उतारा मौत के घाट



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/दरिमा

जमीन बिक्री को लेकर हुए पारिवारिक विवाद में बेटे ने पिता की टांगी से बेरहमी से वार कर हत्या कर दी। आरोपी ने जमीन बेचने को लेकर पिता से विवाद किया था और विवाद के दौरान टांगी से ताबड़तोड़ हमला किया। इस घटना की सूचना के बाद पुलिस ने आरोपी पुत्र को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

खास बात

■ ग्राम इमलीपारा भालू कछार की घटना

बताया जा रहा है कि दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम इमलीपारा भालू कछार निवासी मधुवन शंकर सिंह ने शिकायत दर्ज कराई थी उसके बड़े भाई रामशंकर सिंह की हत्या उसके ही बेटे मुकेश ने कर दी है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। इस दौरान ग्रामीण का शव खून से लथपथ पड़ा हुआ था। पुलिस ने शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द करने के साथ ही घटना की जांच शुरू की। एसएसपी राजेश अग्रवाल के निर्देश पर जांच के दौरान यह बात सामने आई कि मृतक रमाशंकर सिंह ने बैंक से लोन लिया हुआ था और बैंक का लोन नहीं पटाने पर कर्ज बढ़ते जा रहा था। ऐसे में उसने अपनी जमीन बेचकर कर्ज चुका दिया था। पिता द्वारा जमीन बेचे जाने से बेटे मुकेश कुमार सिंह को आपत्ति थी। पुलिस ने जब आरोपी 38 वर्षीय कुमेश कुमार सिंह आ. रामा शंकर सिंह को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया कि जमीन बिक्री को लेकर हुए विवाद के बाद आक्रोशित होकर उसने टांगी से अपने ही पिता पर हमला कर दिया। इस घटना में रामाशंकर सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। मामले में पुलिस द्वारा आरोपी के पास से घटना में प्रयुक्त टांगी बरामद करने के साथ ही आरोपी को बीएनएस की धारा 103(1) के तहत गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में दरिमा थाना प्रभारी प्रशिक्षु डीएसपी निशांत गौरव कुर्रे, उनि राजेश तिवारी, सउनि मनोज सिंह, प्रधान आरक्षक मनोज मालवीय, आरक्षक अशोक कुजूर, अकलेश यादव, शरद राजवाड़े, सुरेश यादव, निमल, शेरशाह मिंज, अलोक, भूपेंद्र सिंह सक्रिय रहे।

मामूली विवाद पर दोस्तों ने युवक को उतारा मौत के घाट

अंबिकापुर। शहर के खैरबार घुटरापारा में बाइक मिस्त्री का काम करने वाले युवक की हत्या कर दी गई। युवक के साथियों दवारा ही मामूली विवाद में हत्या किए जाने की बात सामने आई है। फि ल हा ल पुलिस द्वारा शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है और दो आरोपियों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस द्वारा आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

■ टांगी से वार कर की हत्या, खैरबार क्षेत्र की घटना, जांच में जुटी पुलिस



बताया जा रहा है कि मूलतः कोरिया जिले के बैकुंठपुर निवासी 27 वर्षीय विश्वजीत पिछले एक साल से शहर के घुटरापारा में रमेश नामक युवक के साथ रहकर बाइक मिस्त्री का काम करता था। 3 अक्टूबर को जीवातिया के दिन मृतक विश्वजीत अपने दोस्त शनि और दो आकाश नामक युवकों के साथ खैरबार में ही कर्मा खेलने के लिए गया हुआ था। कर्मा कहलने के दौरान नसे में विश्वजीत और दोनों आकाश के साथ उसका विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर शनि ने बीच बचाव किया और उसके बाद विश्वजीत और शनि वापस मकान में लौट गए। रात को विश्वजीत और शनि खाना खा रहे थे तभी आकाश कुमार व आकाश मौके पर पहुंच गए। आरोपियों ने पहले शनि के साथ मारपीट की और उसे भगा दिया। इसके बाद दोनों ने मृतक विश्वजीत को पकड़ लिया। दोनों ने शटर बंदकर विश्वजीत के साथ मारपीट की। मृतक के बचकर भागने का प्रयास भी किया लेकिन वह सफल नहीं हो सका। इस दौरान दोनों आरोपियों ने टांगी से युवक के गर्दन पर ताबड़ तोड़ वार कर दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी मौके से भाग निकले।

पुलिस ने आरोपियों को लिया हिरासत में

वारदात की सूचना शनि ने पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस और फोरेंसिक की टीम मौके पर पहुंची थी। इस दौरान पुलिस ने शव को बरामद कर पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया। इसके साथ ही पुलिस द्वारा प्रारंभिक पूछताछ व बयान के आधार पर संदेहियों आकाश कुमार व आकाश को हिरासत में लिया है और दोनों से पूछताछ की जा रही है। फिलहाल विवाद के असल कारण का पता नहीं चल सका है।





सब्जी के खेत में किसान कर रहा था गांजे की खेती, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

बरियों पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ चलाए अभियान में सफलता हासिल की है। पुलिस ने एक किसान की सब्जी की बाड़ी से 112 नग गांजे का पौधा बरामद करने के साथ ही आरोपी को गिरफ्तार किया है। सब्जी की आड़ में गांजा का पौधा उगाने का खुलासा हल्का पटवारी द्वारा की जा रही फसल गिरदावरी के दौरान हुआ है। पुलिस ने आरोपी के पास से साढ़े तीन लाख रुपए का गांजा का पौधा बरामद किया है और मामले की जांच चल रही है।

■ बाड़ी से 112 नग गांजे का पौधा बरामद, फसल गिरदावरी के दौरान हुआ खुलासा

बता दें कि जिले में नशीले पदार्थों की खेती, तस्करी, और अवैध कारोबार के मामले में कार्रवाई के लिए एसपी वैभव बैंकर द्वारा पुलिस, राजस्व व वन विभाग की संयुक्त बैठक ली गई थी। एसपी ने नशीले पदार्थों की खेती करने वालों के खिलाफ कार्रवाई के साथ ही आम जन में जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश भी दिए गए थे। इसी बीच 3 अक्टूबर को बरियों अंतर्गत ग्राम खुखरी के हल्का पटवारी द्वारा पुलिस को सूचना दी गई कि गांव में फसल गिरदावरी करने के दौरान कबीर साय के सब्जी की बाड़ी में मादक पदार्थ गांजा के पौधे लगाए हुए पाए गए है। सूचना के बाद बरियों चौकी पुलिस ने एसपी वैभव बैंकर के निर्देश पर एएसपी विश्व दीपक त्रिपाठी, एसडीओपी कुसमी के नेतृत्व में मौके पर पहुंची। पुलिस ने संदेही बरियों खुखरी रखैतपारा निवासी 51 वर्षीय कबीर साय टेकाम आ. जट्टू टेकाम के बाड़ी की तलाशी ली। तलाशी के दौरान किसान की बाड़ी में बड़े पैमाने पर गांजे के पौधे बरामद हुए। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने खेत में गांजे की खेती करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपी के खेत से छोड़ा-बड़ा पौधा, डगाल, हरा पत्ता, तना समेत 112 नग पौधा बरामद किया है। बरामद किए गये पौधों अक वजन 36 किलो 300 ग्राम है जिसकी कीमत 3 लाख 50 हजार रूपए आंकी गई है।

पुलिस ने आरोपी के पास से गांजे का पौधा बरामद करने के साथ ही आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 (बी) (ii) सी, 8 बी के तहत अपराध दर्ज कर गिरफ्तार करने के साथ ही जेल भेज दिया है और मामले की विवेचना चल रही है।

छत्तीसगढ़ राज्य पात्रता परीक्षा में शामिल 14,666 अभ्यर्थी, दो पालियों में हुई परीक्षा, बनाए गए थे 75 केन्द्र

अम्बिकापुर। रविवार को सरगुजा में छत्तीसगढ़ राज्य पात्रता परीक्षा सेट-26 का आयोजन किया गया। छग राज्य पात्रता की परीक्षा जिले के 75 परीक्षा केंद्रों में शांतिपूर्ण ढंग से आयोजित की गई। इस परीक्षा में दो पालियों में कुल 14 हजार 666 अभ्यर्थी शामिल हुए। परीक्षा को लेकर अभ्यर्थियों में खासा उत्साह देखने को मिला। इस दौरान अभ्यर्थियों को कड़ी जांच व सुरक्षा व्यवस्था के बीच से होकर गुजरना पड़ा। बता दें कि विश्व विद्यालयों और कॉलेजों में सहायक प्राध्यापकों के पदों पर पात्रता निर्धारित करने के लिए रविवार को व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य पात्रता परीक्षा का आयोजन किया गया था। इस परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए अम्बिकापुर सहित लखनपुर, उदयपुर एवं लुण्ड्रा क्षेत्र के विभिन्न शासकीय एवं निजी महाविद्यालयों और विद्यालयों में 75 केंद्र बनाए गए थे। परीक्षा के लिए सरगुजा संभाग के सभी जिलों से



अभ्यर्थी जिले में पहुंचे थे। इस दौरान अभ्यर्थियों को कड़ी जांच से गुजरना पड़ा। परीक्षा केन्द्रों में अभ्यर्थियों की फ्रिस्किंग (सुरक्षा जांच) के लिए एक पुरुष एवं एक महिला पुलिसकर्मी की ड्यूटी लगाई गई थी। पुलिसकर्मियों ने अभ्यर्थियों की मेटल डिटेक्टर से जांच के साथ ही अन्य जांच की गई। जांच के बाद उन्हें परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया गया। छत्तीसगढ़ राज्य पात्रता परीक्षा में कुल 19 हजार 255 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। परीक्षा दो पालियों में आयोजित हुई। प्रथम पाली में सुबह 10 बजे से 11.15 बजे तक हुई, जिसमें पंजीकृत 19 हजार 255 अभ्यर्थियों में से 14 हजार 702 अभ्यर्थी उपस्थित हुए तथा 4 हजार 553 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली की परीक्षा दोपहर 2 बजे से 4.15 बजे तक आयोजित हुई। इसमें 14 हजार 666 अभ्यर्थी उपस्थित रहे, जबकि 4 हजार 589 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा को लेकर अभ्यर्थियों में खासा उत्साह देखने को मिला।

संदिग्ध ट्रक से 70 बोरी चावल बरामद, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

शासकीय चावल की हेराफेरी की आशंका से जुड़े मामले में प्रतापपुर पुलिस ने कदमपारा निवासी राजेश गर्ग एवं नंदू गुप्ता के गोदाम के सामने खड़े एक संदिग्ध ट्रक क्रमांक सीजी 15 एसी 4375 को जांच के लिए रोका। ट्रक की तलाशी के दौरान जूट की बोरियों में 30 बोरी तथा प्लास्टिक की बोरियों में 40 बोरी, कुल 70 बोरी चावल बरामद किया गया। इधर पुलिस को देखकर ट्रक चालक और क्लीनर फरार हो गए। बताया जा रहा है कि ट्रक में लोड चावल बोरी राजेश गर्ग और ट्रक नंदू का है।

■ पुलिस को देखकर ट्रक ड्राइवर और खलासी फरार, तलाश में जुटी पुलिस

पुलिस के अनुसार ट्रक में लदे चावल के संबंध में चालक एवं संबंधित लोगों से पूछताछ की गई। चावल कहां से लाया गया और उसका बिल अथवा अन्य वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने के संबंध में संतोषजनक जानकारी नहीं मिलने पर पुलिस ने ट्रक एवं चावल को संदिग्ध मानते हुए जांच शुरू कर दी है। पुलिस द्वारा संबंधित लोगों से पूछताछ की जा रही है। जो गोल मोल जवाब दे रहे है। इधर स्थानीय सूत्रों का दावा है कि क्षेत्र में लंबे समय से शासकीय चावल की कथित हेराफेरी की शिकायतें सामने आती रही हैं। हालांकि इस मामले में चावल वास्तव में शासकीय है या नहीं तथा इसकी आपूर्ति का स्रोत क्या है, यह खाद्य विभाग की जांच रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। फिलहाल पुलिस और खाद्य विभाग की जांच के बाद ही पूरे मामले की वास्तविक स्थिति सामने आने की उम्मीद है। थाना प्रभारी दिनेश कुमार पुरैना ने बताया कि मामले में धारा 106 के तहत कार्रवाई करते हुए चावल के नमूने की जांच के लिए खाद्य विभाग को पत्र जारी किया गया है। पुलिस ने ट्रक को चावल सहित थाना परिसर में जब्त कर रखा है और मामले की जांच जारी है।



इस संबंध में खाद्य निरीक्षक शशि जायसवाल ने बताया कि अभी तक चावल के सैंपल की जांच के संबंध में जानकारी प्राप्त नहीं हुई है। संभवतः सोमवार तक जानकारी मिलने के बाद चावल का नमूना लेकर जांच की जाएगी।

मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ इंडिया गठबंधन की संयुक्त बैठक, बनी आंदोलन की रणनीति

एंटी इंकम्बेंसी के बाद भी भाजपा का सत्ता में बने रहने का कारण सीईसी : बाल कृष्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

30 सितंबर को इंडिया गठबंधन की बैठक में लिए निर्णयों के परिपालन में रविवार को सरगुजा जिले में सक्रिय गठबंधन के दलों ने संयुक्त बैठक कर लोकतंत्र बचाओ आंदोलन के जिला स्तरीय कार्यक्रम पर विचार विमर्श करने के उपरांत एक संयुक्त प्रेसवार्ता को संबोधित किया। गठबंधन की यह संयुक्त बैठक एवं प्रेसवार्ता जिला कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में सम्पन्न हुई। बैठक में कांग्रेस की ओर से जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक, पूर्व केबिनेट मंत्री अमरजीत भगत, सीपीएम के प्रतिनिधि कामरेड सीपी शुक्ला, सीपीआई के प्रतिनिधि कामरेड अनिल द्विवेदी, पीसीसी उपाध्यक्ष जेपी श्रीवास्तव, पीसीसी महामंत्री द्वितेंद्र मिश्रा मौजूद रहे।

संयुक्त प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए पूर्व केबिनेट मंत्री अमरजीत भगत ने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार भाजपा की सुविधा अनुसार चुनाव आयोग का संचालन अन्य आयुक्तों की उपेक्षा कर रहे हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त के तानाशाही



पूर्ण रवैया के विरुद्ध शेष 2 चुनाव आयुक्तों ने 14 बार डिसेंट नोट दिया। वास्तव में ज्ञानेश कुमार भाजपा के ऐसे एजेंट के रूप ने काम कर रहे हैं जो भाजपा के मन अनुसार मतदाता सूची तैयार कर रहे हैं। इतनी एन्टी इनकम्बेंसी के बावजूद भाजपा अगर सत्ता में बनी हुई है तो इसका एकमात्र कारण ज्ञानेश कुमार हैं। सीपी शुक्ला ने कहा कि आज जो कुछ हो रहा है वो देश ही नहीं दुनिया के लिए अभूतपूर्व है। आज चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली ने यह प्रश्नचिन्ह लगा दिया है कि मौजूदा सरकार निष्पक्ष मतदान के आधार पर चुनी हुई है अथवा नहीं। ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में चुनाव आयोग भाजपा के लिए जो काम कर रहा है वो संवैधानिक कार्य न होकर आपराधिक कार्य है। उन्होंने कहा कि देश मे लोकतंत्र की पुनः स्थापना के लिए इंडिया गठबंधन एकजुट प्रयास करेगा। सीपी आई के प्रतिनिधि ⏭शेष पेज 4 पर

8 अक्टूबर को गठबंधन की संयुक्त रैली

इंडिया गठबंधन के लोकतंत्र बचाओ आंदोलन के तहत गठबंधन के दलों की संयुक्त रैली 8 अक्टूबर को निकलेगी। प्रेसवार्ता में संयुक्त बैठक में लिये गये निर्णय से अवगत कराते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने कहा कि सरगुजा जिले में गठबंधन के दल के रूप में कांग्रेस के साथ ही साथ सी पी आई और सीपीएम सक्रिय हैं। उनके साथ सकारात्मक चर्चा उपरांत निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि 8 अक्टूबर की रैलियों की तैयारियों को ब्लॉक स्तर पर बैठक कर पूर्ण किया जायेगा। 8 अक्टूबर को रैली घडिचौक पर आमसभा के रूप में प्रारंभ होगी। रैली के अंत मे गांधी चौक पर संविधान के अनुच्छेद 326 जो वयस्क मताधिकार से संबंधित है के पाठ एवं राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंप लोकतंत्र बचाओ प्रदर्शन को समाप्त किया जाएगा।

खबर संक्षेप

आत्मानंद स्कूल ग्राउंड में सेवा सेतु शिविर आज

मनेन्द्रगढ़। सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से 05 अक्टूबर को विकासखंड मनेन्द्रगढ़ के आत्मानंद स्कूल ग्राउंड में सेवा सेतु शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर का आयोजन जनपद पंचायत मनेन्द्रगढ़ एवं विकासखंड मनेन्द्रगढ़ के माध्यम से किया जा रहा है सेवा सेतु शिविर में विभिन्न शासकीय विभागों द्वारा अपने-अपने स्टॉल लगाए जाएंगे, जहां ग्रामीणों एवं आम नागरिकों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ पात्र हितग्राहियों को आवश्यक सहायता एवं योजनाओं का लाभ दिलाने की प्रक्रिया की जाएगी।

आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम में गूंजा पोषण



मनेन्द्रगढ़। सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा ग्राम पंचायत डोमनापारा के आंगनबाड़ी केंद्र में पोषण माह 2026 के तहत आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण परिवारों को पोषण, स्वास्थ्य, मातृ-शिशु देखभाल एवं महिला सशक्तिकरण से जुड़ी शासकीय योजनाओं की जानकारी प्रदान करना और समुदाय में जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ परियोजना मनेन्द्रगढ़ ग्रामीण की पर्यवेक्षक शिल्पा अग्रवाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर महिलाओं, बच्चों, गर्भवती एवं धात्री माताओं, आंगनबाड़ी कार्यकतार्ओं, सहायिकाओं, स्वास्थ्य कार्यकतार्ओं तथा ग्रामीण जनप्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

आमाखेरवा में दिव्यांगजन मूल्यांकन शिविर

मनेंद्रगढ़। सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत 03 अक्टूबर 2026 को नेत्रहीन विद्यालय, आमाखेरवा में समाज कल्याण विभाग द्वारा एक दिवसीय विशेष दिव्यांगजन मूल्यांकन शिविर का आयोजन किया गया। यह विद्यालय समाज कल्याण विभाग द्वारा अनुदान प्राप्त है। शिविर का मुख्य उद्देश्य दिव्यांग छात्र-छात्राओं को आधुनिक तकनीकी उपकरणों से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सहायता प्रदान करना था। शिविर में एलिमको कानपुर तथा समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस दौरान विशेष रूप से दृष्टिबाधित (नेत्र बाधित) छात्र-छात्राओं का उनकी पात्रता के अनुसार गहन मूल्यांकन किया गया। पात्रता परीक्षण के उपरांत विद्यार्थियों के लिए विभिन्न आधुनिक उपकरणों हेतु पंजीकरण किया गया। इनमें ब्लाइंड टैब डिजिटल शिक्षा को सुलभ बनाने के लिए स्मार्टफोन, आधुनिक संवाद एवं पठन-पाठन के लिए तथा सेंसर्स और ब्रेल केन, सुरक्षित आवाजाही एवं स्वतंत्रता के लिए शामिल हैं।

संस्था को 1 लाख सहायता की घोषणा

नेत्रहीन बच्चों की प्रतिभा देख भावुक हुए प्रभारी मंत्री नेताम

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़



सशक्त एमसीबी-सेवा संकल्प अभियान के तहत जनसेवा और संवेदनशीलता की पहल को आगे बढ़ाते हुए जिले के प्रभारी एवं कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने गांधी जयंती के अवसर पर मनेन्द्रगढ़ स्थित एमसीबी जिला नेत्रहीन, विकलांग शिक्षण-प्रशिक्षण विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। यहां उन्होंने बच्चों से आत्मीय संवाद किया और उनकी पढ़ाई, भोजन, आवास, ब्रेल शिक्षा तथा उपलब्ध संसाधनों की जानकारी ली। विद्यालय में बच्चों की प्रतिभा देखकर मंत्री भावुक और प्रभावित नजर आए। बच्चों ने स्वागत गीत, संगीत के साथ रामायण पाठ और सुंदरकांड की चौपाइयां प्रस्तुत कीं। इसके साथ ही बच्चों ने विभिन्न जीव-जंतुओं की आवाजें निकालकर अपनी अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उनकी प्रस्तुतियों में आत्मविश्वास और सीखने की ललक देखकर मंत्री ने बच्चों की जमकर सराहना की।

बच्चों की प्रतिभा से प्रभावित होकर मंत्री रामविचार नेताम ने संस्था के संचालन एवं आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए 1 लाख की सहायता देने की घोषणा की। उन्होंने बच्चों को साउंड सिस्टम बॉक्स तथा फल-फूल भी भेंट किए। बच्चों को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि बच्चों ने अपनी मेहनत, लगन और प्रतिभा से साबित किया है कि वे किसी से पीछे नहीं हैं। उनमें संगीत, गायन और सांस्कृतिक गतिविधियों की शानदार प्रतिभा है। जरूरत केवल उन्हें उचित अवसर और बड़ा मंच उपलब्ध कराने की है। उन्होंने कहा कि बच्चों में प्रतिभा के साथ आत्मविश्वास भी है। समाज और प्रशासन की जिम्मेदारी है कि उनकी क्षमताओं को पहचानकर उन्हें आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध कराए जाएं। बच्चों के बीच आकर उनकी प्रतिभा को देखना उनके लिए भावुक और यादगार अनुभव रहा।

ब्रेल शिक्षा से लेकर भोजन तक की जानकारी ली

मंत्री ने विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों की संख्या, उनके अलग-अलग जिलों से आने तथा उन्हें उपलब्ध कराई जा रही शिक्षा एवं प्रशिक्षण की जानकारी ली। उन्होंने बच्चों से भोजन की गुणवत्ता और व्यवस्था के संबंध में सीधे बातचीत की तथा शिक्षकों से उनकी पढ़ाई के बारे में जानकारी प्राप्त की। शिक्षकों ने बताया कि बच्चों को ब्रेल लिपि के माध्यम से शिक्षा दी जा रही है। मंत्री ने जिला पंचायत सीईओ अंकिता सोम को विद्यालय का नियमित निरीक्षण करने तथा व्यवस्थाओं की लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए, ताकि बच्चों की जरूरतों का समय पर निराकरण हो सके।

संस्था को एक लाख रुपये की सहायता की घोषणा

विद्यालय की व्यवस्थाओं और बच्चों की प्रतिभा से प्रभावित प्रभारी मंत्री ने संस्था के संचालन एवं आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए 1 लाख की सहायता की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इन बच्चों में आगे बढ़ने की पूरी क्षमता है और सामूहिक प्रयासों से उनकी प्रतिभा को बड़े मंच तक पहुंचाया जा सकता है। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद मनेन्द्रगढ़ की अध्यक्ष प्रतिमा यादव, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र पटवा, कलेक्टर संतन देवी जांगड़े, पुलिस अधीक्षक रत्ना सिंह, जिला पंचायत सीईओ अंकिता सोम, पूर्व संसदीय सचिव चंपादेवी पावले, एसडीएम लिंगराज सिदार, तहसीलदार श्रुति धुर्वे, जिला संगठन प्रभारी बाबूलाल अग्रवाल सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी, विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

प्राचार्य ने बताईं संस्था की समस्याएं

विद्यालय के प्राचार्य संतोष चढ़ोकर ने संस्था के संचालन में आ रही आर्थिक कठिनाइयों तथा अन्य आवश्यकताओं से मंत्री को अवगत कराया। उन्होंने शिक्षकों के वेतन में वृद्धि और बच्चों के भरण-पोषण के लिए मिलने वाली राशि बढ़ाने का आग्रह किया। प्राचार्य ने बताया कि वर्तमान में बच्चों के भरण-पोषण के लिए 600 की राशि प्राप्त होती है, जिससे संस्था की व्यवस्थाओं के संचालन में कठिनाई आती है। मंत्री ने विद्यालय की मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने शौचालय, पेयजल, बिस्तर सहित बच्चों के लिए आवश्यक अन्य सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने को कहा। साथ ही संस्था की जरूरत के अनुरूप संसाधनों और व्यवस्थाओं को मजबूत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सशक्त एमसीबी-सेवा संकल्प अभियान केवल सुविधाएं उपलब्ध कराने का अभियान नहीं, बल्कि जरूरतमंदों तक संवेदनशीलता के साथ पहुंचने और उन्हें सम्मानपूर्वक बेहतर जीवन के अवसर देने का संकल्प है। दिव्यांग बच्चों की प्रतिभा को पहचानना और उन्हें आगे बढ़ने का अवसर देना इसी सेवा भावना का महत्वपूर्ण हिस्सा है।



जर्जर सड़क को लेकर डोला तिराहे पर धरना

हरिभूमि न्यूज. बिजुरी

राजनगर क्षेत्र में डोला तिराहे से बिजुरी की ओर जाने वाली जर्जर सड़क के निर्माण में हो रही देरी को लेकर रविवार, को डोला तिराहे पर धरना-प्रदर्शन किया गया। सुबह करीब 10 बजे शुरू हुए प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में लोग सड़क पर बैठ गए, जिससे डोला तिराहे से बिजुरी मार्ग पर आवागमन पूरी तरह ठप हो गया। प्रदर्शनकारियों ने सड़क की बदहाल स्थिति को लेकर नाराजगी जताते हुए तत्काल निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग की।

प्रदर्शनकारियों के अनुसार उक्त सड़क राजनगर और डोला क्षेत्र के अलावा करीब 10 से 15 ग्राम पंचायतों को बिजुरी रेलवे स्टेशन एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सहित अन्य महत्वपूर्ण स्थानों से जोड़ने वाला प्रमुख मार्ग है। लंबे समय से सड़क के जर्जर होने के कारण क्षेत्र के लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के दौरान स्थिति और अधिक खराब होने से दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि एसईसीएल प्रबंधन द्वारा सड़क निर्माण की प्रक्रिया कई माह पूर्व पूरी कर ठेकेदार को कार्य सौंप दिया गया था। इसके बावजूद मौके पर निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है। निर्माण में लगातार हो रही देरी को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। इसी मुद्दे को लेकर रविवार को धरना देकर प्रबंधन का ध्यान आकर्षित कराया गया। धरना प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने भी मौके पर पहुंचकर सड़क निर्माण में हो रही देरी को लेकर नाराजगी जताई। प्रतिनिधिमंडल ने निर्माण कार्य में कथित अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए पूरे मामले की गंभीरता से जांच कराने तथा गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण सुनिश्चित करने की मांग की। प्रदर्शन की जानकारी मिलने पर एसईसीएल प्रबंधन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों से चर्चा की। अधिकारियों ने जल्द से जल्द सड़क निर्माण कार्य शुरू कराने तथा ठेकेदार को आवश्यक निर्देश दिए जाने का आश्वासन दिया।

दुर्घटना में मृत महिलाओं के परिजन से मिले विधायक

बैकुण्ठपुर। जिले के पटना थाना क्षेत्र के ग्राम करजी के पास ऑटो और पिकअप की भीषण भिड़ंत में छिंदिया (करहीपारा) की चार महिलाओं की मौत की घटना पर विधायक भइयालाल राजवाड़े ने शोक व्यक्त किया है। रविवार को उन्होंने पीड़ित परिजनों के गृहग्राम पहुंचकर उनसे मुलाकात की और अपनी गहरी शोक संवेदनाएं व्यक्त करते हुए उन्हें ढांढस बंधाया। विधायक भईया लाल राजवाड़े ने कहा कि दुख की इस घड़ी में सरकार पीड़ित परिवारों के साथ मजबूती से खड़ी है और उन्हें हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने दिवंगत आत्माओं की शांति तथा शोकाकुल परिवारों को इस अपार दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

10 लाख की लागत से बनेगा लहंगीर कोरी समाज का भवन

विधायक भईयालाल की विधायक निधि से होगा निर्माण

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर



जिले के पटना क्षेत्र में लहंगीर कोरी समाज के लिए विधायक निधि से 10 लाख रुपए की लागत से सामाजिक भवन का निर्माण कराया जाएगा। भवन निर्माण के लिए भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विधायक भइया लाल राजवाड़े सहित समाज के वरिष्ठजन, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सामाजिक भवन के निर्माण से लहंगीर कोरी समाज के लोगों को सामूहिक कार्यक्रमों, बैठकों, विवाह समारोहों सहित विभिन्न सामाजिक गतिविधियों के आयोजन के लिए बेहतर स्थान उपलब्ध होगा। विधायक भइया लाल राजवाड़े की विधायक निधि से होने वाला यह निर्माण कार्य समाज की आवश्यकताओं को देखते हुए कराया जा रहा है। भवन समाज के लोगों को आपस में जोड़ने के साथ ही सामाजिक विषयों, नए निर्णयों और जनकल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा के लिए एक स्थायी केंद्र के रूप में उपयोगी होगा। इसके माध्यम से समाज के लोग विभिन्न सामाजिक गतिविधियों का संचालन कर सकेंगे। भूमि पूजन के अवसर पर समाज के वरिष्ठजनों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकतार्ओं ने भवन निर्माण को लेकर प्रसन्नता व्यक्त की। समाज के लोगों ने बताया कि भवन बनने के बाद सामूहिक आयोजनों के लिए सुविधा उपलब्ध होगी और सामाजिक गतिविधियों को व्यवस्थित रूप से संचालित करने में मदद मिलेगी।

योजनाओं की जानकारी के साथ हितग्राहियों को मिली सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर



सेवा संकल्प अभियान के तहत रविवार को बैकुंठपुर जनपद पंचायत के ग्राम बचरा-पोड़ी में सेवा सेतु अभियान-सरकार आपके द्वार शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी दी तथा पात्र हितग्राहियों को आवश्यक सुविधाएं और सामग्री वितरित की गई।

शिविर में कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव, जिला पंचायत सीईओ योगेन्द्र श्रीवास सहित जिला पंचायत, जनपद पंचायत एवं विभिन्न ग्राम पंचायतों के जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव ने ग्रामीणों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवश्यक पंजीयन एवं दस्तावेज पूरे रखने की अपील की। उन्होंने किसानों से एग्रीस्टैक पोर्टल पर पंजीयन अनिवार्य रूप से कराने को कहा, ताकि धान खरीदी के समय किसी तरह की परेशानी न हो। उन्होंने बताया कि जिन किसानों ने अभी तक पंजीयन नहीं कराया है, वे तहसील कार्यालय सेवा सेतु केंद्र, सीएससी से संपर्क कर जल्द पंजीयन कराएं। उन्होंने ग्रामीणों से आयुष्मान कार्ड एवं 70 वर्ष के बुजुर्गों के लिए वय वंदन कार्ड बनवाने की अपील की। समाज कल्याण विभाग की योजनाओं के तहत पात्र बुजुर्गों, विधवा एवं दिव्यांगजनों को पेंशन योजनाओं के लिए आवेदन करने की जानकारी दी गई।

नगरीय निकाय चुनाव को लेकर कांग्रेस की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी



आगामी नगरीय निकाय चुनाव को लेकर कांग्रेस ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में शनिवार को कोयलांचल क्षेत्र चरचा कॉलरी स्थित साकेत सदन में कांग्रेस की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक प्रशांत मिश्रा का प्रथम बार चरचा आगमन हुआ। उनके साथ जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, चुनाव प्रभारी योगेश शुक्ला, बैकुंठपुर प्रभारी वेदांती तिवारी, संगठन प्रभारी अशोक जायसवाल सहित कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पर्यवेक्षक प्रशांत मिश्रा सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के चरचा पहुंचने पर कोरिया नीर के पास कांग्रेस नेता अंशु अजीत लकड़ा के नेतृत्व में समर्थकों ने आतिशबाजी कर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया। इसके बाद साकेत सदन पहुंचने पर कांग्रेस परिवार चरचा के सदस्यों द्वारा सभी अतिथियों का बारी-बारी से पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओ में खासा उत्साह देखने को मिला। स्वागत कार्यक्रम के पश्चात साकेत सदन में आगामी नगरीय निकाय चुनाव की तैयारियों को लेकर कांग्रेस की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में संगठन को बूथ एवं वार्ड स्तर तक मजबूत करने, अधिक से अधिक लोगों को कांग्रेस से जोड़ने तथा चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओ की जिम्मेदारियां तय करने सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए चुनाव प्रभारी योगेश शुक्ला, जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता एवं प्रदेश पर्यवेक्षक प्रशांत मिश्रा ने कार्यकतार्ओं से आपसी समन्वय के साथ चुनाव की तैयारियों में जुटने की बात कही।

स्वास्थ्य मंत्री ने किया विभिन्न विभागों के स्टॉलों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़



जिले में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक संचालित सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत आज जनपद पंचायत खड़गवां परिसर में सेवा सेतु अभियान का जिला स्तरीय शिविर आयोजित किया गया। शिविर के मुख्य अतिथि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल रहे।

शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, सेवाओं और विभागीय सुविधाओं की जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से जोड़ना रहा। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने स्वास्थ्य, राजस्व, कृषि, महिला एवं बाल विकास, विद्युत, समाज कल्याण, पंचायत सहित विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों से विभागीय योजनाओं, उपलब्ध सेवाओं और हितग्राहियों को दिए जा रहे लाभों की जानकारी ली। साथ ही स्टॉलों पर पहुंचे ग्रामीणों एवं हितग्राहियों से चर्चा कर योजनाओं का लाभ मिलने की स्थिति जानी। उन्होंने अधिकारियों को पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ प्राथमिकता से पहुंचाने तथा ग्रामीणों की समस्याओं का संवेदनशीलता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने हरी झंडी दिखाकर दान सामग्री के संग्रहण एवं वितरण के लिए वाहन को रवाना किया।

ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा

मनेंद्रगढ़। जनपद पंचायत मनेंद्रगढ़ के अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों में विगत 02 अक्टूबर 2026 को विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा में ग्रामीणों की सहभागिता के साथ पंचायत स्तर से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई तथा आवश्यक प्रस्तावों एवं गतिविधियों को संपादित किया गया। विशेष ग्राम सभा के दौरान वीबी जी राम जी के अंतर्गत प्रस्तावित कार्यों का अनुमोदन किया गया। वहीं, ग्राम पंचायत सचिव द्वारा ग्राम सभा के वार्ता बिंदुओं का वाचन कर उपस्थित ग्रामीणों को विभिन्न विषयों एवं पंचायत स्तर पर संचालित गतिविधियों की जानकारी दी गई।

TOP IN SURGUJA


सरगुजा मार्केट

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S.,M.D.(पल्मोनरी मेडिसीन)
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
डॉ. दीपक अग्रवाल (हड्डी रोग विशेषज्ञ)
एम.बी.बी.एस, डी, आर्थो. (एफ.पी.ओ.)
सभी जोड़ों से संबंधित मरीज तथा बच्चों की जन्मजात हड्डी रोग
दिनांक :- 11 अक्टूबर 2026, रविवार
सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555



डॉ. शिवानी सिंघल
MBBS, MD Pediatrics
देश के श्रेष्ठतम संस्थान PGIMER चंडीगढ़ से प्रशिक्षित नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
कुपोषण एवं खून की कमी
दौरा/मिर्गी का इलाज
कमजोर एवं कम वजन वाले बच्चों का विशेष परीक्षण
OPD समय: सुबह 10:00 बजे – 2:00 बजे, शाम 5:00 बजे – 7:00 बजे
24×7 इमरजेंसी सेवा उपलब्ध
प्रकाश हॉस्पिटल
मो. 9713667433, 9617247433


गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL
CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
समय :- सुबह 11:00 बजे से शाम 05 बजे तक
हमारी सेवाएं
गर्भावस्था की सम्पूर्ण देखभाल
सुरक्षित प्रसव सुविधा
बांझपन परामर्श एवं उपचार
पीसीओडी/पीसीओएस उपचार
महिला रोगों की जांच व इलाज
सोनोग्राफी एवं आधुनिक सुविधाएं
डिलीवरी (नार्मल एवं सिजेरियन)
अब महिलाओं की हर समस्या का सम्पूर्ण समाधान !
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ की सम्पूर्ण सुविधाएं उपलब्ध
DR. SONAL DUBEY
MBBS, MS
(OBSTETRICS & GYNAECOLOGY LAPAROSCOPIC SURGEON)

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

खबर संक्षेप



अणुव्रत विश्व भारती के तत्वावधान में हुई मैराथन दौड़

अम्बिकापुर। अणुव्रत विश्व भारती के तत्वावधान में नशा मुक्ति परिवार महा मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। मैराथन दौड़ को महापौर मंजूषा भगत एवं संत गहिरा गुरु विश्व विद्यालय के कुलपति राजेंद्र लाकपाले ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मैराथन दौड़ का उद्देश्य नशामुक्त रहने से स्वस्थ समाज का निर्माण है। खुद स्वस्थ रहेंगे तो स्वस्थ विचारों के साथ जीने का प्रयास भी होगा। अणुव्रत समिति के इस आयोजन में समिति के साथ महिला मंडल, युवक परिषद, ज्ञानशाला, सरस्वती महाविद्यालय, आरोग्य समिति, फिट कोप फिट सिटी भी शामिल रहे। मैराथन दौड़ गांधी स्टेडियम से देवीगंज रोड़, महामाया चौक, जोड़ा पीपल से वापस गांधी स्टेडियम समाप्त हुआ। दौड़ में 250 से ज्यादा की लोग शामिल हुए। कार्यक्रम के समापन के पूर्व डॉ. योगेंद्र गहरवार ने नशे के खिलाफ जन चेतना की प्रेरणा दी और दुष्परिणाम बताए। नशा मुक्ति का संकल्प महापौर मंजूषा भगत ने दिलाई। अतिथियों को मोमेंटो राज्य प्रभारी श्रीमती ममोल कोचेटा ने देकर सम्मानित किया। इस दौरान महेंद्र बोथरा,काजल भूरा, वर्षा भूरा, सुधा बोथरा, हनुमान डागा, संगीता डागा , मनोज बोथरा, मदन सेठिया, महावीर सेठिया, पवन बोथरा, प्रतीक बोथरा, सौरभ बोथरा, स्वीटी जैन, जयंत जैन जेठमल जैन, रेखा जैन सहित अन्य मौजूद रहे।

डीएवी कनकनगर ने आयोजित की 2 किमी मैराथन दौड़



प्रतापपुर। डीएवी सीएमसी एवं डीएवी खेलकूद के मार्गदर्शन में डीएवी एमएमपीएस कनक नगर द्वारा गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती के अवसर पर 2 किलोमीटर लंबी मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। मैराथन सामुदायिक भवन से प्रारंभ होकर खैरमा चौक तक पहुंची। इसमें कक्षा छठवीं से बारहवीं तक के करीब 80 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लक्ष्मी गुप्ता, अक्षय तिवारी, अवधेश पाण्डेय, पंकज गुप्ता एवं पूर्व शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक प्रेम सिंधु मिश्रा उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ दौड़ में भाग लेकर स्वस्थ जीवन शैली एवं अनुशासन का संदेश दिया। खैरमा चौक में मैराथन के समापन अवसर पर महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जीवन, विचारों एवं आदर्शों पर चर्चा की गई। मुख्य अतिथि अक्षय तिवारी एवं अवधेश पाण्डेय ने विद्यार्थियों को एक आदर्श नागरिक बनने के लिए आवश्यक गुणों एवं जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार से समझाया। इस दौरान पुलिस द्वारा विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा के प्रति भी जागरूक किया गया। पुलिस ने साइबर अपराधों से बचाव के संबंध में जानकारी दी। कार्यक्रम में डीएवी एमएमपीएस कनक नगर के प्राचार्य मनीष कुमार दुबे, प्रकाश तिर्की, आशीष मंडल, अनिता कुशवाहा, प्रियंका यादव, अर्चना सोनी, सुनेना कुरे, प्रीति, प्रिया साहू, सुषमा मिश्रा, शशि तिवारी, नीतू पटेल, अन्नपूर्णा सांडिल्य, श्रद्धा सिंह, काशिफ रजा एवं उज्ज्वल कश्यप उपस्थित रहे।

गैस एजेंसी के पिकअप वाहन से 6 गैस सिलेंडर चोरी करने वाले 7 गिरफ्तार



प्रतापपुर। शांति नगर स्थित इंडियन गैस गोदाम के पास पिकअप वाहन से 6 भरे हुए गैस सिलेंडर चोरी होने का मामला सामने आया है। चोरी गए सिलेंडरों की अनुमानित कीमत करीब 24 हजार रुपये बताई गई है। पुलिस ने मामला को गंभीरता से लेते हुए चोरी करने वाले सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार गैस एजेंसी में सिलेंडर वितरण का कार्य करने वाले राजस्थान अंतर्गत ग्राम जोधपुर निवासी जगदीश 26 सितंबर की शाम करीब 6 बजे पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 29 ए 3394 से गैस वितरण करने के बाद छह सिलेंडर लेकर शांति नगर गैस गोदाम के पास वाहन खड़ा कर हिसाब-किताब के लिए इंडियन गैस कार्यालय गया था।करीब एक घंटे बाद 7 बजे वापस लौटा तो देखा पिकअप वाहन में रखे 6 गैस सिलेंडर गायब थे। आसपास तलाश करने के बावजूद सिलेंडरों का कोई पता नहीं चला तो गैस सिलेंडर चोरी होने की शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध चोरी का मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। इसी बीच आसपास के ग्रामीणों से जानकारी मिली कि कुछ लोग गांवों में गैस सिलेंडर बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहे हैं। इस आधार पर चोरी में कुछ लोगों के शामिल होने की आशंका जताई गई है। घटना की जानकारी लगने पर पुलिस ने गैस सिलेंडर चोरी करने वाले शांतिपारा निवासी संदीप सिंह आ. राजपाल सिंह (23 वर्ष), ग्राम चांपीडांड निवासी मुकेश साण्डिल्य आ. अमीर साय(18 वर्ष 5 माह), सुखनन्दन आ. रामसिंह टेकाम (26 वर्ष), बसंत साण्डिल्य आ. मानससाय (21 वर्ष), जयकान्त सिंह आ. स्व. गंधुनन्दन सिंह (19 वर्ष), रविन्द्र नायक आ.अनिल कुमार घसिया(24 वर्ष) व छबिला प्रसाद आ. बेचनराम (35 वर्ष) को गिरफ्तार किया।

गंभीर मरीजों की बढ़ी परेशानी, संभाग मुख्यालय जाने को मजबूर

13 साल बाद भी जिला अस्पताल में नहीं सीटी स्कैन की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

जिला मुख्यालय स्थित जिला अस्पताल आज भी अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। जिला अस्पताल का दर्जा प्राप्त हुए 13 साल हो गए परंतु आज तक जिला अस्पताल में मरीजो की सुविधा के लिए कई संसाधन की कमी है। हैरानी की बात तो यह है कि जिले में मंत्री से लेकर कई विधायक और जनप्रतिनिधि है लेकिन किसी के द्वारा जिला अस्पताल की मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने ध्यान नहीं दिया गया जिससे गंभीर मरीजो के लिए महत्वपूर्ण सीटी स्कैन की सुविधा उपलब्ध नहीं हो सकी। ऐसे में सड़क दुर्घटना सहित अन्य गंभीर मरीज संभाग मुख्यालय में सीटी स्कैन कराने जाने को मजबूर है।

खास बात

- जांच के अभाव में कई गंभीर की हो चुकी है मौत

बलरामपुर जनवरी 2012 में जिला बना था तब जिला मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को जिला अस्पताल का दर्जा मिला था। जिला अस्पताल के लिए नवीन भवन बना और नवीन भवन में जिला अस्पताल हाईटेक रूप से शुरू हुआ लेकिन जिला अस्पताल का भवन ही सिर्फ हाईटेक रहा वहां पर हाईटेक रूप से मरीज का उपचार की सुविधा प्राप्त नहीं है। जिला अस्पताल को बने 13 साल हो गए लेकिन जिला अस्पताल में 13 सुविधा भी विकसित नहीं हुई। ऐसे में जिले वासियों को आज भी बेहतर इलाज के लिए 100 किलोमीटर से भी ज्यादा दूरी तय करके बड़े शहरों की ओर जाना पड़ रहा है और भारी भरकम रुपए खर्च करना पड़ रहा है। जिला अस्पताल में सड़क दुर्घटना सहित विभिन्न बीमारी से पीड़ित गंभीर मरीज पहुंचते है। ऐसे में दुर्घटना वाले मरीजों को या फिर विशेष गंभीर मरीजों को सिटी स्कैन कराने की सलाह दी जाती है लेकिन जिला अस्पताल में सीटी स्कैन मशीन की सुविधा नहीं होने से उन्हें सिटी स्कैन के लिए संभाग मुख्यालय जाना पड़ता है। ऐसे में मरीज सहित परिजन को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। यदि कोई मरीज सिटी स्कैन के लिए संभाग में जाएगा तो इलाज भी वहीं कराना उनकी मजबूरी हो जाती है जिससे उसे अनावश्यक पैसे की खर्च से आर्थिक बोझ उठाना पड़ता है। हैरानी की बात तो यह है कि जिले में बड़े नेता, जनप्रतिनिधि और मंत्री, विधायक हैं इसके बावजूद जिला अस्पताल को सिटी स्कैन की सुविधा 13 वर्षों में नहीं उपलब्ध करा सके। जिसका खामियाजा जिला अस्पताल में दाखिल होने वाले मरीजों और उनके परिजन को भुगतना पड़ रहा है।



लोगों में भारी आक्रोश

लोगों का कहना है कि बलरामपुर जिला अस्पताल बने 13 साल हो गए है लेकिन आज तक अस्पताल में सीटी स्कैन की सुविधा नहीं हो सकी। जबकि इसके ठीक विपरीत वर्ष 2022 में बने एमसीबी जिला को 4 वर्षों में ही सिटी स्कैन मशीन की सुविधा प्राप्त होने के साथ वहां पर रेडियोलॉजिस्ट डॉक्टर के लिए स्थापना कर दिए गए। उससे पहले वर्ष 2012 में बने बलरामपुर जिला में 13 वर्ष बीत जाने के बाद भी सीटी स्कैन की सुविधा से वंचित है जिससे क्षेत्र के लोगों में भारी आक्रोश है।

जिले वासियों ने की सीटी स्कैन सुविधा की मांग

जिले वासियों का कहना है कि जिले के मंत्री और विधायक जिले वासियों को ठगी का शिकार बना रहे हैं। जिले का विकास करने के बजाय अपना विकास करने में लगे हैं। 4 वर्ष पहले बने जिले के जिला अस्पताल में यदि सिटी स्कैन की सुविधा मिल सकती है तो 13 वर्ष पहले बने जिला अस्पताल में सिटी स्कैन की सुविधा क्यों मुहैया नहीं हो सकती। मंत्री और विधायक, नेता जिले के विकास की ओर ले जाने का प्रयास नहीं कर रहे हैं। जिले वासियों की मांग है कि बलरामपुर जिला अस्पताल में सिटी स्कैन की सुविधा जल्द से जल्द मुहैया कराने की पहल करें ताकि गंभीर मरीजों को संभाग मुख्यालय या बड़े शहरों की ओर न जाना पड़े और उन्हें आर्थिक नुकसान न हो।

प्रशासन से की गई है मांग

जिले के लोगों की मांग और मरीजों की सुविधा का ख्याल रखते हुए प्रशासन से सिटी स्कैन स्थापना करने के लिए मांग की गई है। जल्द ही बलरामपुर जिला अस्पताल में मरीजों की सुविधा के लिए सीटी स्कैन की सुविधा मिलना प्रारंभ हो जाएगी।

-ओमप्रकाश जायसवाल
भाजपा जिला अध्यक्ष

सरकारी की है लापरवाही

भाजपा सरकार की लापरवाही के कारण 13 वर्ष में जिले वासियों को जिला अस्पताल में सिटी स्कैन जैसी महत्वपूर्ण सुविधा नहीं मिल सका है। हम स्थानीय मंत्री और सरकार से सीटी स्कैन सुविधा के लिए मांग करेंगे। जिले वासियों को जिला अस्पताल में सिटी स्कैन सुविधा जल्द प्राप्त हो इसका प्रयास करेंगे।

-हरिहर यादव, कांग्रेस जिला अध्यक्ष

सीटी स्कैन के लिए प्रक्रिया हो चुकी है पूर्ण

लंबी अवधि से जिला अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट नहीं है जिस कारण यहां सीटी स्कैन की की सुविधा नहीं मिल पा रही थी। शासन स्तर से रेडियोलॉजिस्ट की पोस्टिंग कर दी गई है और सिटी स्कैन के लिए टेंडर आदि सारी प्रक्रिया पूर्ण हो गई है। सीटी स्कैन स्थापना के लिए भवन की निर्माण अंतिम चरण में है। भवन हैंडओवर होता है तो जिला अस्पताल में सीटी स्कैन की स्थापना हो जाएगी। सारे प्रक्रिया में दो माह के आसपास का समय लग सकता है।

-विजय कुमार सिंह
सीएमएचओ बलरामपुर



नशामुक्त गांव बनाने में परिवार और वरिष्ठजनों की सहभागिता जरूरी : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

नशामुक्त समाज के निर्माण एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से कलेक्टर श्रीमती रेना जमील ने ग्राम पचीरा सिद्धेश्वर मंदिर परिसर में महिलाओं एवं उपस्थित नागरिकों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए नशामुक्त गांव बनाने में सक्रिय सहभागिता करने की बात कही। इस दौरान कलेक्टर एवं महिलाओं ने परिसर में पारस पीपल का पौधा रोपकर नशामुक्त समाज एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर उन्होंने जिवितिया पर्व पर व्रत कर रही माताओं के साथ मंदिर में पूजा-अर्चना भी की।

- जिवितिया पर्व पर व्रत कर रही माताओं के साथ की पूजा-अर्चना

कलेक्टर ने कहा कि नशा मुक्ति की शुरुआत अपने घर से करें। परिवार के सदस्यों को समझाएं कि नशे का सेवन स्वास्थ्य, आर्थिक स्थिति एवं पारिवारिक जीवन को किस प्रकार प्रभावित करता है। उन्होंने गांव के सियान एवं वरिष्ठ से युवाओं के साथ संवाद करने तथा उन्हें नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक कर इससे दूर रहने के लिए प्रेरित करने की बात कही। श्रीमती जमील ने कहा कि व्यवहार में बदलाव लाना आसान नहीं होता, लेकिन निरंतर समझाइश और सामूहिक प्रयास से सकारात्मक परिवर्तन संभव है। एक परिवार की पहल अन्य परिवारों के लिए उदाहरण बन सकती है। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज सभी के लिए नुकसानदायक है। इसलिए अपने गांव को नशामुक्त बनाने में प्रत्येक नागरिक सक्रिय भूमिका निभाए। इस दौरान कलेक्टर ने नशा मुक्ति केंद्र के संबंध में जानकारी देते हुए नशे से प्रभावित व्यक्तियों को उपलब्ध सहायता से जोड़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने परिवार एवं समुदाय के सहयोग से ऐसे व्यक्तियों को नशे से बाहर निकलने में मदद करने की बात कही। ताकि उन्हें बेहतर जीवन मिल सके। उल्लेखनीय है कि सिद्धेश्वर मंदिर राम वन गमन परिपथ में शामिल है। स्थानीय मान्यता के अनुसार यह प्राचीन स्वयंभू शिव मंदिर है, जहां भगवान श्रीराम ने जलाभिषेक किया था। जीवितिया पर्व के अवसर पर उपस्थित माताओं एवं नागरिकों ने नशामुक्त समाज के निर्माण में सहयोग का संकल्प लिया।

संतान की लंबी उम्र, सुख-समृद्धि के लिए माताओं ने रखा उपवास, की पूजा अर्चना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

संतान की लंबी उम्र, सुख-समृद्धि और आरोग्य की कामना को लेकर माताओं द्वारा रखा जाने वाला जिउतिया व्रत शनिवार को मां महामाया मंदिर प्रांगण में सामूहिक रूप से मनाया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत राजपुर सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं। महिलाओं ने निर्जला व्रत रखकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और भगवान जीमूतवाहन की कथा का श्रवण किया।

मां महामाया मंदिर के निज पुजारी पं. राघवेंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि जीवित्पुत्रिका व्रत माताओं के लिए विशेष धार्मिक महत्व रखता है। व्रत के दौरान माताएं अपनी संतान की दीर्घायु, स्वस्थ जीवन एवं सुख-समृद्धि की कामना करती हैं। मंदिर प्रांगण में शनिवार शाम को सामूहिक पूजन का आयोजन किया गया। पंडित राघवेंद्र पांडेय द्वारा विधि-विधान से पूजा संपन्न कराने के साथ ही व्रत से जुड़ी भगवान जीमूतवाहन की कथा का वाचन किया गया। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सामूहिक पूजन में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं। पूजा के दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा। महिलाओं ने सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना कर अपनी संतानों के मंगलमय जीवन की कामना की।नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की माताएं एवं बहनें श्रद्धापूर्वक शामिल होती हैं।



कोयला कर्मियों को मिलेगा एक लाख 10 हजार बोनस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

कोल इंडिया एवं उसकी सहयोगी कंपनियों में कार्यरत नॉन-एग्जीक्यूटिव कर्मचारियों को इस वर्ष पूजा बोनस के रूप में 1 लाख 10 हजार 250 रुपये का भुगतान किया जाएगा। शनिवार को कोलकाता में आयोजित कोल इंडिया एपेक्स जेसीसी (संयुक्त सलाहकार समिति) की बैठक में बोनस राशि पर सहमति बनी। बोनस का भुगतान 15 अक्टूबर तक किए जाने पर भी सहमति बनी है।

- इस बार मिलेंगे 1.10 लाख रुपये, 15 अक्टूबर तक भुगतान करने की तैयारी

जानकारी के अनुसार, इस निर्णय से करीब दो लाख कोयला कर्मी लाभान्वित होंगे। बोनस के लिए कोल इंडिया पर करीब दो हजार करोड़ रुपये का वित्तीय भार आने का अनुमान है। एक अप्रैल 2026 की स्थिति में कोल इंडिया में 1,96,753 नॉन -एग्जीक्यूटिव कर्मचारी कार्यरत हैं। चालू वित्तीय वर्ष में सेवानिवृत्त होने वाले पात्र कोयला कर्मियों को भी पीएलआर का लाभ दिया जाएगा। बोनस निर्धारण को लेकर हुई बैठक में कोल इंडिया प्रबंधन की ओर से चेयरमैन बी. साईं राम, निदेशक मार्केटिंग सह प्रभारी निदेशक मानव संसाधन मुकेश चौधरी, निदेशक वित्त मुकेश अग्रवाल सहित श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। बीएमएस से कोल प्रभारी लक्ष्मा रेड्डी, एचएमएस से हरभजन सिंह सिद्धू, सीटू से डीडी रामानंदन और एटक से लखन लाल महतो बैठक में उपस्थित रहे। गौरतलब है कि कोल इंडिया की ओर से कर्मचारियों को हर वर्ष दशहरा, पूजा एवं दीपावली से पहले यह राशि दी जाती है। इसे परफॉर्मेंस लिंक्ड रिवॉर्ड (पीएलआर) कहा जाता है। पिछले वर्ष कर्मचारियों को 1 लाख 3 हजार रुपये पूजा बोनस मिला था। इस वर्ष राशि में 7,250 रुपये की बढ़ोतरी हुई है। बोनस की राशि वितरण के बाद बाजार के भी गुलजार होने की उम्मीद है।ज्ञात हो कि हर साल दिए जाने वाला पूजा बोनस को लेकर जहां कोयला कर्मियों एवं उनके परिवार में उत्साह और उम्मीद का वातावरण रहता है वही व्यापारी वर्ग भी बोनस को लेकर उसे भी खासी उम्मीद रहती है।

दिपावली पर्व से पहले ठेका श्रमिकों को मिलेगा बोनस, एपेक्स जेसीसी में बनी सहमति

कोल इंडिया की विभिन्न अनुषंगी कंपनियों में कार्यरत हजारों ठेका श्रमिकों के लिए दिपावली से पहले राहत की खबर सामने आई है। ठेका श्रमिकों के बोनस एवं परफॉर्मेंस लिंक्ड इंसेंटिव को लेकर 3 अक्टूबर को कोल इंडिया लिमिटेड मुख्यालय में आयोजित एपेक्स जेसीसी की द्विपक्षीय बैठक में महत्वपूर्ण सहमति बनी है। बैठक में तय प्रावधान के अनुसार कोड ऑन वेज 2019 में बोनस से संबंधित 8.33 प्रतिशत के प्रावधान के अनुरूप पात्र ठेका श्रमिकों को बोनस का भुगतान किया जाएगा। वहीं खनन गतिविधियों में लगे ऐसे ठेका श्रमिक, जिनका वेतन बोनस भुगतान के लिए निर्धारित वैधानिक सीमा से अधिक है, उन्हें पूर्व में जारी प्रावधानों तथा 29 मई 2025 को जारी स्पष्टीकरण के अनुरूप पीएलआई का भुगतान किया जाएगा। बैठक में भुगतान की समयसीमा को लेकर भी स्पष्ट व्यवस्था की गई है। ठेकेदारों द्वारा उनके अधीन कार्यरत पात्र ठेका श्रमिकों को बोनस अथवा पीएलआई का भुगतान दिवाली से पहले किया जाना है। इससे कोल इंडिया की विभिन्न परियोजनाओं, खदानों और अनुषंगी कंपनियों में ठेका व्यवस्था के तहत काम कर रहे श्रमिकों को त्योहारी सीजन में आर्थिक राहत मिलने की उम्मीद है। ठेका श्रमिकों के बोनस और पीएलआई का मुद्दा सीआईएल एपेक्स जेसीसी में शामिल केंद्रीय ट्रेड यूनियन प्रतिनिधियों ने बैठक के दौरान प्रमुखता से उठाया। श्रमिक संगठनों का कहना था कि कोयला उत्पादन से जुड़ी गतिविधियों में ठेका श्रमिकों की महत्वपूर्ण भूमिका है, ऐसे में उनके बोनस एवं प्रोत्साहन भुगतान को लेकर स्पष्ट व्यवस्था आवश्यक है। इसी क्रम में प्रबंधन और यूनियन प्रतिनिधियों के बीच विस्तृत चर्चा के बाद भुगतान संबंधी प्रावधान तय किए गए।कोल इंडिया की खदानों और परियोजनाओं में बड़ी संख्या में ठेका श्रमिक विभिन्न कार्यों में योगदान देते हैं।ज्ञात हो कि कोल कर्मियों के निर्धारित बोनस की राशि 1,10,250 रुपए को भी 15 अक्टूबर तक खाते में भेजे जाने का निर्णय एपेक्स जेसीसी की बैठक में ही लिया गया है।

वडनगर से बनारस जा रही जल, जन और सेवा संकल्प यात्रा पहुंची जरही

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनगरा

गौरवशाली 25 वर्षों को समर्पित जल, जन और सेवा संकल्प यात्रा के तहत गुजरात के वडनगर से वाराणसी की ओर निकली रूट क्रमांक-1 की बाइक यात्रा शनिवार को जिले में प्रवेश करने के बाद रात्रि विश्राम सूरजपुर में करके रविवार को भटगांव होते हुए जरही मंडल के मंगल भवन पहुंची। रूट क्रमांक-1 की यात्रा के जरही पहुंचने पर भाजपा एवं भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने बाइक रैली में शामिल युवाओं का स्वागत किया। मंगल भवन में आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में भाजपा एवं भाजयुमो के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, युवा तथा स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए।

- मंगल भवन में युवाओं से संवाद, यात्रा में शामिल युवाओं का किया गया स्वागत

कार्यक्रम जिला प्रभारी भूलन सिंह मरावी एवं भाजपा जिला अध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी के सानिध्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान जिला महामंत्री शशिकांत गर्ग ने रूट क्रमांक-1 की जल, जन और सेवा संकल्प यात्रा के उद्देश्य, कार्यक्रम की रूपरेखा तथा यात्रा के माध्यम से दिए जा रहे सेवा एवं जनभागीदारी के संदेश पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि जल, जन और सेवा संकल्प यात्रा केवल बाइक रैली नहीं, बल्कि समाज के विभिन्न वर्गों को सेवा, जनभागीदारी और राष्ट्र निर्माण के संकल्प से जोड़ने का अभियान है। रूट क्रमांक-1 के तहत बड़नगर से शुरू होकर बनारस की ओर बढ़ रही यह यात्रा विभिन्न क्षेत्रों से होते हुए आगे बढ़ रही है। यात्रा के माध्यम से युवाओं को समाज एवं राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का संदेश दिया जा रहा है। वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। ऐसे समय में युवाओं की सक्रिय भागीदारी राष्ट्र निर्माण को और मजबूती प्रदान कर सकती है। युवा संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक भूलन सिंह मरावी, विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते, वन विकास निगम अध्यक्ष रामसेवक पैकरा एवं भाजपा जिला अध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी ने क्षेत्र के विकास, जनसेवा, संगठन की मजबूती और युवाओं की भूमिका से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार रखे। रूट क्रमांक-1 की यात्रा में बड़नगर से शामिल होकर पहुंचे युवा भार्गव जानी ने कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों एवं युवाओं से संवाद किया। उन्होंने यात्रा के उद्देश्य, युवाओं की सामाजिक जिम्मेदारी, सेवा भावना और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका को लेकर बच्चों से बातचीत की। कार्यक्रम का नेतृत्व विधायक भूलन सिंह मरावी, संभाग प्रभारी भाजयुमो शुभम जायसवाल एवं जिला अध्यक्ष भाजयुमो देव गुप्ता ने किया। कार्यक्रम का संचालन भाजयुमो जिला महामंत्री यशवंत सिंह ने किया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष चंद्रमणि पैकरा, शशिकांत गर्ग, अशोक सिंह, संत सिंह, संदीप अग्रवाल, शरद चंद्र द्विवेदी, अशोक गुप्ता, ललित गोयल, रूपेंद्र कुशवाहा, मुकेश सिंह,लालसाय पावले,अभय तिवारी, सहीम अंसारी, दीक्षित वर्मा, अनुराग द्विवेदी, जितेंद्र शर्मा, अनूप जायसवाल, संतोष यादव, प्रतीक जायसवाल, राकेश शुक्ला, हिमांशु सिंह, ओपी सिंह, सौरभ गुप्ता, सूरज सिंह राजपूत सहित भाजपा एवं भाजयुमो के पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



वीएम कॉलेज में प्रतिजैविक प्रतिरोध औषधियों के उपयोग हेतु जागरूकता सप्ताह

बिश्रामपुर। वीएम कॉलेज ऑफ फार्मेसी जयनगर में विश्व फार्मासिस्ट दिवस एवं राष्ट्रीय फार्मेसी सप्ताह के तहत छह गतिविधियों का आयोजन 25 सितंबर से 3 अक्टूबर तक किया गया। इस वर्ष के आयोजन का मुख्य विषय प्रतिजैविक प्रतिरोध सावधानी से उपयोग करें और उनकी शक्ति को सुरक्षित रखें का रहा। आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रतिजैविक प्रतिरोध, प्रतिजैविक औषधियों के उपयोग तथा फार्मासिस्ट की सामाजिक एवं स्वास्थ्य संबंधी जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करना रहा।

सप्ताहभर चले आयोजन में विद्यार्थियों को अपनी रचनात्मकता, ज्ञान, संचार कौशल एवं टीम भावना प्रदर्शित करने के लिए छह प्रमुख प्रतियोगिताओं एवं गतिविधियों में भाग लेने का अवसर मिला। सर्वप्रथम वैज्ञानिक कार्टून प्रतियोगिता के आयोजन पश्चात पोस्टर प्रस्तुतीकरण प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने विभिन्न स्वास्थ्य एवं फार्मेसी संबंधी विषयों पर पोस्टर प्रस्तुत किए। पोस्टर के माध्यम से रोग-विज्ञान एवं निगरानी, संरक्षण एवं तर्कसंगत उपयोग, संक्रमण नियंत्रण एवं टीकाकरण, एक स्वास्थ्य दृष्टिकोण, कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं डिजिटल स्वास्थ्य तथा नवीन उपचार पद्धतियां एवं परिशुद्ध चिकित्सा जैसे विषयों को प्रस्तुत किया गया,तीसरी गतिविधि फार्मा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता रही जिसमें बहुविकल्पीय प्रश्न, मौखिक एवं संवादात्मक, त्वरित उत्तर, घंटी आधारित तथा प्रकरण आधारित चरणों के माध्यम से विद्यार्थियों के फार्मेसी एवं स्वास्थ्य संबंधी ज्ञान का परीक्षण किया गया।अन्य गतिविधियों में पत्रक निर्माण, गतिविधि नाटक, नुक्कड़ नाटक एवं लघु वीडियो निर्माण प्रतियोगिता रही।आयोजन के बाद 3 अक्टूबर को वीएम कॉलेज ऑफ फार्मेसी बिश्रामपुर में विश्व फार्मासिस्ट दिवस एवं राष्ट्रीय फार्मेसी सप्ताह का समापन समारोह आयोजित किया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि डॉ श्रीता लाल शिशु रोग विशेषज्ञ एसईसीएल केंद्रीय चिकित्सालय तथा विशिष्ट अतिथि विनोद अग्रवाल अध्यक्ष सूरजपुर फार्मासिस्ट संघ उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वीएम कॉलेज ऑफ फार्मेसी के चेयरमैन विजय राज अग्रवाल एवं प्राचार्या आस्था पाठक के नेतृत्व में हुई। मुख्य अतिथि डॉ श्रीता लाल ने विद्यार्थियों को प्रतिजैविक प्रतिरोध के विषय को अत्यंत रोचक एवं सरल तरीके से समझाया। उन्होंने विद्यार्थियों के साथ संवाद करते हुए प्रतिजैविक औषधियों के जिम्मेदार उपयोग तथा इनके अनुचित प्रयोग से उत्पन्न होने वाली औषधि-प्रतिरोध की समस्या पर प्रकाश डाला। इस दौरान महाविद्यालय के प्राध्यापक अमन जायसवाल, विजय प्रजापति, रजिया फातिमा, श्वेता रानी गुप्ता एवं दीपक सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे।



खबर संक्षेप



जिला साहू संघ ने किया सेवा निवृत्त शिक्षकों का सम्मान

अंबिकापुर। जिला साहू संघ के संयोजन में संभाग स्तरीय शिक्षक सम्मेलन एवं सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मान समारोह का भव्य आयोजन भामाशाह छात्रावास साहू धर्मशाला में किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केआर साहू तथा विशिष्ट अतिथि रघुनाथ प्रसाद साहू एवं सुखदेव साहू रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला साहू संघ सरगुजा के अध्यक्ष सुरेश प्रसाद गुप्ता ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ भक्त माता कर्मा के छायाचित्र के समक्ष अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर विधिवत पूजा-अर्चना एवं आरती के साथ किया गया। समारोह में सरगुजा संभाग के छह जिलों के जिला अध्यक्षों की विशेष उपस्थिति रही। इनमें जिला साहू संघ सरगुजा के अध्यक्ष सुरेश प्रसाद गुप्ता, जशपुर के अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता, बलरामपुर के अध्यक्ष बंशीधर गुप्ता, सूरजपुर के अध्यक्ष रामलल्लू साहू, कोरिया के अध्यक्ष जगदीश साहू एवं एमसीबी जिले के अध्यक्ष मनमोहन साहू शामिल हुए। इसके अतिरिक्त प्रदेश कार्यकारी सदस्य लक्ष्मी गुप्ता, पूर्व जिला अध्यक्ष बनारसी लाल गुप्ता, पूर्व जिला अध्यक्ष रामविलास साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष रामसेवक गुप्ता एवं पूर्व जिला अध्यक्ष केके गुप्ता, ब्लॉक अध्यक्ष संजय गुप्ता, लुंड्रा के देव कुमार गुप्ता सहित संभाग के विभिन्न ब्लॉक अध्यक्षों ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की। जिला साहू संघ के अध्यक्ष सुरेश प्रसाद गुप्ता ने कहा कि 2 अक्टूबर को हम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती मनाते हैं, जिन्होंने सत्य, अहिंसा, सादगी और सेवा के माध्यम से पूरी दुनिया को मानवता का संदेश दिया। आज जिन सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान किया जा रहा है, उन्होंने अपना अमूल्य जीवन विद्यार्थियों और समाज के निर्माण में समर्पित किया है।.कार्यक्रम का संचालन श्रीमती मीरा साहू ने किया।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ कांग्रेस ने खोला मोर्चा, कार्रवाई की मांग



राजपुर। जिला कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में रविवार को कांग्रेस ने पत्रकार वार्ता आयोजित कर मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर गंभीर आरोप लगाए। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने निर्वाचन आयोग के अन्य दो आयुक्तों संधू और जोशी की सहमति के बिना पिछले करीब 10 महीनों में कई महत्वपूर्ण निर्णय अकेले लिए, जिनमें मतदाताओं के नाम जोड़ने-काटने तथा निर्वाचन आयोग की आईटी प्रणाली को दिल्ली में केंद्रीकृत करने से संबंधित निर्णय शामिल हैं। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हरिहर प्रसाद यादव ने आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग के प्रावधानों के अनुसार महत्वपूर्ण निर्णय बहुमत अथवा सर्वसम्मति से लिए जाने चाहिए, लेकिन मुख्य निर्वाचन आयुक्त द्वारा कथित रूप से एकतरफा निर्णय लिए गए। कांग्रेस का आरोप है कि इन निर्णयों से निर्वाचन प्रक्रिया प्रभावित हुई और इसका राजनीतिक लाभ भारतीय जनता पार्टी को मिला। कांग्रेस नेताओं ने इसे संवैधानिक व्यवस्था के विपरीत बताते हुए मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने, उनके खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज करने तथा उनके द्वारा लिए गए निर्णयों की समीक्षा कर उन्हें निरस्त करने की मांग की। इस दौरान समीर सिंह देव,रिपुजीत सिंह देव, प्रशांत विश्वास, छोटू बंगाली, अमित यादव, सुनील गुप्ता, संजीत गुप्ता, मुन्ना बरदर, बुद्धदेव सिंह पोया, विश्वजीत सिंह देव, विकास गुप्ता, दीपक यादव, शिवम यादव, अरुण दास, राजेश, कृपाशंकर, रामकीर्तन राम, अख्तर खान, उमाशंकर गुप्ता, बांसदेव, राजा राम, राहुल, बबलू, वाशिम, गुलशन, शिवनाथ राम व अन्य कांग्रेसी उपस्थित रहे।

वाहनों के आवागमन से दिनरात उड़ रही सड़क की धूल

बारिश बंद होने के बाद अब एनएच 43 की धूल से हलाकान हो रहे लोग





जर्जर खरसिया रोड एवं एमजी रोड पर उड़ती धूल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बारिश खत्म होने के बाद जर्जर एनएच 43 की धूल जनजीवन के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन गई है। मानसून सत्र समाप्त हो गया है। शासन ने सड़क निर्माण की स्वीकृति भी दे दी है लेकिन विभाग द्वारा अभी सड़क निर्माण का कार्य प्रारंभ नहीं किया जा सका है।

खास बात
- वर्षा बंद होने के बावजूद निर्माण के लिए इंतजार

बरसात शुरू होने के साथ ही शहर के बीच से गुजरने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 की सड़क बदहाल है। बारिश के दौरान खरसिया चौक से दरिमा मोड़ तक की सड़क में जगह-जगह बड़े-बड़े खतरनाक गड्ढे बन गए थे। बारिश होने पर महामाया पहाड़ का पूरा पानी सड़क पर भरने के कारण यात्रियों को लगातार चार महीने तक भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सड़क की बदहाल स्थिति एवं आवागमन में हो रही समस्या को लेकर लोगों ने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, प्रशासन एवं विभाग की लगातार आलोचना भी की। सामाजिक संगठनों ने कई बार धरना-प्रदर्शन भी किया। काफी आलोचना के बाद विभाग ने मरम्मत की खानापूर्ति भी की लेकिन गड्ढों एवं जलभराव की स्थिति से राहत नहीं मिली। लगातार कई दौर की शिकवा-शिकायत के बाद विभाग ने सितम्बर की शुरूआत में मुरूम एवं स्टोन डस्ट का गड्ढों में भराव किया जिससे आवागमन सामान्य हुआ है। हालाकि बारिश के बाद पूरी सड़क उबड़-खाबड़ हो गई है। यही हाल शहर के एमजी रोड का है। विभाग ने गड्ढों में बड़े-बड़े पत्थरों को भरने के बाद सितम्बर महीने की शुरूआत में मुरूम एवं स्टोन डस्ट भरकर गड्ढों को समतल बना दिया है जिससे खतरनाक गड्ढों से कुछ राहत मिल गई है। अब बारिश बंद होने के बाद वाहनों के गुजरने पर दिन-रात धूल उड़ रही है। धूल के कारण लोगों का सड़क से सफर करना मुश्किल हो गया है। लगातार उड़ने वाली सड़क की धूल से लोगों को स्वास्थ्यगत समस्याएं हो रही हैं परेशान लोग धूल के नियंत्रण के लिए सड़क पर सुबह-शाम पानी का छिड़काव करने की मांग कर रहे हैं। शासन द्वारा क्षतिग्रस्त सड़कों एवं नाली निर्माण की स्वीकृति बरसात पूर्व ही दे दी गई है। विभाग ने ठेकेदार भी नियुक्त कर दिया है लेकिन अभी तक सड़क निर्माण का कार्य प्रारभ नहीं हो सका है।

शहर की अन्य सड़कें भी बदहाल

शहर की अंदरूनी सड़कों की भी हालत काफी खराब है। शहर की कुछ ऐसी सड़के भी हैं जो निर्माण के चंद महीनों में ही जर्जर हो गई हैं तथा बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। शहर की अधिकांश सड़के उखड़ गई हैं तथा गड्ढों एवं धूल उड़ने के कारण लोग परेशान हैं। ननि कुछ जर्जर सड़कों पर धूल से राहत के लिए नियमित पानी का भी छिड़काव करा रहा है। ननि द्वारा शहर की जर्जर सड़कों के निर्माण की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है लेकिन मानसून सत्र खत्म होने के बावजूद अभी निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ नहीं की गई है।

दुकानों, घरों में भर रही धूल

एनएच 43 स्थित एमजी रोड के दोनों किनारे वाहनों, फर्नीचर के शोरूम सहित अन्य बड़े व्यवसायिक संस्थान है। सड़क के दोनों ओर शैक्षणिक संस्थानों के साथ ही घनी आबादी वाली कई आवासीय कॉलोनियां हैं। सड़क की धूल सड़क किनारे के व्यवसाइक संस्थानों एवं आवासीय घरों में भर जा रही है जिससे सामग्रियों की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है तथा लोगों को दिन में कई बार दुकानों एवं घरों की साफ-सफाई करानी पड़ रही है। धूल के कारण लोगों को एलर्जी, खांसी एवं सांस लेने में तकलीफ भी हो रही है।

एक पखवाड़े में शुरू होगा निर्माण

सड़क निर्माण की सारी तैयारियां कर ली गई है। बीच में मौसम खराब होने के कारण निर्माण प्रारंभ नहीं हो सका है। अभी मानसून की वापसी नहीं हुई है जिसके कारण बारिश होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। 15 दिन में सड़क निर्माण प्रारंभ करा दिया जाएगा।

-बसंत खाखा
ईई, एनएच



सड़क एवं पुल निर्माण का विधायक ने किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपाट

सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो ने अपने मैनपाट दौरे के दौरान क्षेत्र में चल रहे सड़क एवं पुल निर्माण कार्य का अचानक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य की गुणवत्ता में कमियां नजर आने पर विधायक ने नाराजगी जताते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को फोन पर तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

- गुणवत्ता में कमियां देख जताई नाराजगी

जानकारी के अनुसार, मैनपाट के बरिमा से कुदरीडीह मार्ग पर लंबे समय बाद सड़क एवं पुल का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। करोड़ों रुपये की लागत से चल रहे इस निर्माण कार्य के पास से गुजरते समय विधायक रामकुमार टोप्पो ने अपना काफिला रुकवाया और मौके पर पहुंचकर पुल निर्माण का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विधायक ने निर्माण सामग्री, कार्य की गुणवत्ता एवं निर्माण प्रक्रिया को देखा। इस दौरान उन्हें कई कमियां नजर आईं। इस पर उन्होंने मौके से ही संबंधित विभागीय अधिकारियों से फोन पर चर्चा की और निर्माण कार्य की जांच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी करने तथा निर्धारित मापदंडों के अनुरूप कार्य सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए।



टोनही प्रताड़ना के आरोप में चार महिला गिरफ्तार महिला से मारपीट कर पेड़ से बांधने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजनगर

ग्राम परशुरामपुर में एक महिला के साथ टोनही प्रताड़ना, मारपीट और अभद्रता किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामले में चार महिला आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से सभी को न्यायिक रिमांड जेल भेज दिया गया है।

- जमीन विवाद पर महिला को टोनही बता कर की गई मारपीट

पुलिस के मुताबिक ग्राम परशुरामपुर निवासी करीब 40 वर्षीय महिला ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि 3 अक्टूबर की सुबह करीब 10 बजे वह अपने घर के सामने काम कर रही थी। इसी दौरान जमीन संबंधी पुराने विवाद को लेकर पड़ोस की महिला सहित अन्य लोग उसके पास पहुंचे और कथित रूप से उसे टोनही कहकर गाली-गलौज करने लगे। शिकायत में पीड़ित महिला ने आरोप लगाया गया है कि आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की तथा उसे टोनही बताकर प्रताड़ित किया। महिला का आरोप है कि उसके बाल पकड़कर मारपीट की गई और बाद में उसे घर के सामने स्थित आम के पेड़ से साड़ी के सहारे बांध दिया गया। इस दौरान अश्लील गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी गई। घटना के दौरान परिजन एवं आसपास के लोगों द्वारा बीच-बचाव किया गया। शिकायत के आधार पर रामानुजनगर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं तथा छत्तीसगढ़ टोनही प्रताड़ना निवारण अधिनियम की धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के साथ ही पीड़िता एवं गवाहों के कथन दर्ज किए। विवेचना के दौरान पुलिस ने मामले में ग्राम परशुरामपुर निवासी धननतिया पति रघुनाथ (56 वर्ष), सोमरत पति कृष्णा सिंह (28 वर्ष), नन्नी बाई पति रामनरेश उर्फ रामू (23 वर्ष) तथा सुंती पति सुनार(40 वर्ष) को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपियों को 4 अक्टूबर को गिरफ्तार कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद न्यायालय में पेश किया गया जहां से सभी आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

विवि समाज एवं राष्ट्र निर्माण के भविष्य निर्माण करने वाला महत्वपूर्ण केंद्र : चिंतामणि

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय का 19वां स्थापना दिवस समारोह रविवार को पं.दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में सांसद चिंतामणि महाराज, महापौर मंजूषा भगत के आतिथ्य एवं कुलपति पो.राजेन्द्र लाकपाले की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

- एसजीजीयू के स्थापना दिवस पर शैक्षणिक गतिविधियों पर चर्चा

समारोह में विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों, विकास कार्यों, नवाचारों तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों एवं समस्याओं को रेखांकित किया गया। अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में राज्यगीत एवं कुलगीत का गायन पश्चात अतिथियों को राजकीय पट्टा, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। कुलपति प्रो.राजेंद्र लाकपाले ने विश्वविद्यालय की शैक्षणिक यात्रा, उपलब्धियों, वर्तमान गतिविधियों एवं भावी योजनाओं पर प्रकाश डाला तथा विश्वविद्यालय की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक प्रगति प्रस्तुत किया। विश्वविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण, कौशल आधारित एवं रोजगारोन्मुखी शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए किए जा रहे प्रयासों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने सांसद को वर्षों से अधूरे पड़े भवनों से होने वाली परेशानी से अवगत कराया तथा विवि की जर्जर सड़क, पानी एवं बिजली की समस्या की जानकारी दी। श्रीमती मंजूषा भगत ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में विश्वविद्यालय की भूमिका तथा क्षेत्रीय विकास से जुड़े विषयों पर अपने विचार रखा तथा नगरी प्रशासन द्वारा विश्वविद्यालय को हर सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। सांसद चिंतामणि महाराज ने कहा कि संत गहिरा गुरू के आदर्शों, विचारों एवं समाज सुधार के संदेशों को आत्मसात करते हुए उच्च शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर प्रगति करना तथा शोध एवं अनुसंधान की गतिविधियों को बढ़ावा देना ही संत गहिरा गुरू जी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का नाम महान संत एवं समाज सुधारक संत गहिरा गुरू के नाम पर होना अपने आप में एक बड़ी जिम्मेदारी है। विश्वविद्यालय को उनके आदर्शों के अनुरूप शिक्षा, संस्कार, सामाजिक समरसता, नैतिक मूल्यों एवं जनकल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देना चाहिए। विश्वविद्यालय केवल डिग्री प्रदान करने का संस्थान नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के भविष्य का निर्माण करने वाला महत्वपूर्ण केंद्र है। उन्होंने अपने पिता संत गहिरा गुरू एवं गुरू माता से जुड़े अनेक रोचक प्रसंगों को साझा किया तथा उनके जीवन दर्शन, आध्यात्मिक विचारों, सामाजिक योगदान तथा समाज में नैतिकता, सेवा, सद्भाव एवं संस्कारों की स्थापना के लिए किए गए कार्यों का उल्लेख किया। सांसद ने अपने उद्बोधन में नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए युवाओं को आगे आने का आह्वान किया तथा कहा कि युवा राष्ट्र एवं समाज की सबसे बड़ी शक्ति होते है। यदि युवा नशे जैसी सामाजिक बुराईयों से दूर रहकर शिक्षा, सकारात्मक सोच, अनुशासन एवं रचनात्मक गतिविधियों से जुड़ते हैं तो समाज और राष्ट्र का भविष्य निश्चित रूप से उज्जवल बन सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वयं नशे से दूर रहने, अपने मित्रों एवं आसपास के लोगों को जागरूक करने तथा नशामुक्ति अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल ज्ञान अर्जित करना नहीं, बल्कि एक जिम्मेदार, जागरूक एवं संस्कारवान नागरिक का निर्माण करना भी है। उन्होंने कुलपति को विवि के अधोसंरचना विकास के लिए कारगर पहल करने का पुनः आश्वासन दिया। अंत में उप कुलसचिव प्रवीण कुमार अग्रवाल ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान विवि के अधिकारी, कर्मचारी, अध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।



आज शहर की सड़कों पर उतरेंगे बहुरूपिये

भगवान अग्रसेन जी की जयंती के उपलक्ष्य में चल रहे उत्सव के तहत सोमवार को बहुरूपिया प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इसमें समाज के बच्चे और युवा विभिन्न रूप धरकर शहर के मुख्य मार्गों पर नजर आएंगे।पिछले वर्ष भी आयोजन के दौरान शहरवासियों ने प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया था। इस बार भी बड़ी संख्या में बच्चों और युवाओं के शामिल होने की उम्मीद है। प्रतियोगिता के माध्यम से प्रतिभागी अपनी कला और कल्पनाशीलता का प्रदर्शन करेंगे।

भगवान के रूप में सजे बच्चे, वेशभूषा से दिया स्वच्छता और जल संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

भगवान अग्रसेन की 5150वीं जयंती से पहले अग्रवाल समाज में उत्सव का माहौल है। अग्रवाल सभा की ओर से सामाजिक, सांस्कृतिक और मनोरंजक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में हुई विविध वेशभूषा प्रतियोगिता में बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लिया। कोई भगवान के रूप में सजा तो किसी ने आकर्षक वेशभूषा के जरिए स्वच्छता, जल संरक्षण और बेटी बचाओ का संदेश दिया।

बच्चों ने विभिन्न देवी-देवताओं का रूप धारण कर अपनी आस्था और संस्कारों का परिचय दिया। प्रतियोगिता में धार्मिक संदेशों के साथ सामाजिक जागरूकता की झलक भी देखने को मिली। बच्चों ने अपनी वेशभूषा और प्रस्तुति के माध्यम से समाज को अच्छे संदेश देने का प्रयास किया। रविवार को पुरुषों एवं बच्चों के लिए दौड़, टर्फ क्रिकेट, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, चित्रकला और कुर्सी दौड़ प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए संगीत पर खो-खो, समधी स्वागत, माला बनाओ, मंत्रों का उच्चारण, मिट्टी कला और एक मिनट की प्रतियोगिता रखी गई। सभी प्रतियोगिताओं में समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष संजय मित्तल ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में शामिल होकर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि सभी वर्गों में आयोजन को लेकर खासा उत्साह है। आज की आधुनिक जीवनशैली में नई पीढ़ी को धर्म और संस्कारों से जोड़ना आवश्यक है। इसके लिए समाज के सभी लोगों को मिलकर प्रयास करना चाहिए। आयोजनों को सफल बनाने में उपाध्यक्ष मनोज अग्रवाल, शुभम अग्रवाल, सचिव संजय अग्रवाल, घनश्याम गर्ग, पवन अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल, मनोज जैन, विनोद अग्रवाल, कैलाश गोयल, जनम अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, हेमंत अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, विजय बंसल, सचिन अग्रवाल, सुशील गोयल, चिराग गर्ग, अश्वनी लाल गर्ग, आयुष अग्रवाल और आशीष अग्रवाल सहित अन्य सदस्य सक्रिय हैं। महिला सभा से अध्यक्ष मधु अग्रवाल, उपाध्यक्ष मधु गर्ग, सचिव ममता गर्ग, अंजू पोद्दार, मंजू अग्रवाल, प्रेमलता गोयल, नीलिमा अग्रवाल, सरिता सुल्तानिया, कविता अग्रवाल सहित अन्य महिलाएं सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। युवा मंच से अध्यक्ष अतुल बंसल, शुभम अग्रवाल, आर्यु गर्ग, आदित्य अग्रवाल, निखिल गोयल, तनिष गर्ग, अंश केडिया, दीप अग्रवाल, यश मित्तल, ओम गर्ग व हर्ष गोयल तथा युवती मंच से अध्यक्ष शिखा अग्रवाल, वैष्णवी अग्रवाल, प्रियांशी अग्रवाल, प्रिया अग्रवाल, वैशाली गोयल, नेहा गर्ग, आस्था अग्रवाल, युक्ति तायल और साक्षा गोयल सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य सक्रिय रहे।



पेज 1 के शेष...

एंटी इंकम्बेंसी के बाद भी भाजपा का सत्ता...

कामरेड अनिल द्विवेदी ने कहा कि चुनाव आयोग को सत्ताधारी दल ने हाईजैक कर लिया है। वास्तव में भाजपा का प्रयास अंततः लोकतंत्र को हाईजैक कर तानाशाही स्थापित करने का है जिस दिशा में वो कदम उठा चुकी है। कांग्रेस नेता राजेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे के साथ ही चुनाव आयोग के कार्यप्रणाली का ऑडिट होना चाहिए और अनियमितताओं के दोषियों पर कड़ी कार्यवाही होनी चाहिये। प्रेसवार्ता के दौरान श्री संजय विश्वकर्मा, डॉ लालचंद यादव, लक्ष्मी गुप्ता, नीतीश चौरसिया, मौजूद रहे।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया
पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736



